**अभियान** | विजन जबलपुर के एक वर्षीय अभियान में 2026 तक शहर को भिक्षु मुक्त करने लिया संकल्प

# संस्कारधानी को भिक्षु मुक्त बनाने दीनबंधु अभियान का शुभारंभ






**जबलपुर, नवभारत।** संस्कारधानी जबलपुर को भिक्षु मुक्त शहर बनाने तथा निराश्रित और अक्षम लोगों के पुनर्वास के उद्देश्य से विजन जबलपुर ने एक वर्षीय दीनबंधु अभियान का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम शनिवार को कलावीथिका हाल, रानी दुर्गावती संग्रहालय में आयोजित किया गया। अभियान का लक्ष्य 2026 तक पूरे शहर को भिक्षु मुक्त बनाना है। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित, विजन जबलपुर संरक्षक सुनील कुमार चौरसिया और अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। महापौर ने वर्ष 2026 के अंत तक जबलपुर को भिक्षु मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराते हुए अभियान को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### वरिष्ठ नागरिकों का योगदान और सरकारी समर्थन

नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज ने इसे वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया जा रहा पवित्र और सराहनीय प्रयास बताया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति सम्मानजनक जीवन जी सकता है और प्रशासन इस अभियान में पूरी तरह सहभागी रहेगा। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि नर्मदा तटों और धार्मिक स्थलों पर भीख मांगने वालों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।


### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का स्वागत सी.एस. राजपूत, एस.के. बनर्जी, प्रदीप श्रीवास्तव, अरुण दुबे, अनूप मजूमदार और टेकचंद अधिकारी ने किया। संचालन अनूप मजूमदार ने किया जबकि आभार प्रदर्शन प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, युवा और संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

### 101 सदस्यों ने लिया नगर सेवक बनने का संकल्प

इस अवसर पर विजन जबलपुर के 101 सदस्यों ने नगर सेवक बनने का संकल्प लिया। सभी सदस्यों ने मिलकर शपथ ली कि वे अभियान के हर पहलू में सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे। विजन जबलपुर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जागरूकता, भिक्षा निषेध, पहचान, पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से दिसंबर 2026 तक लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

### इनका कहना है



यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। शहर में गिरोह भी बच्चों से प्रमुख चौराहों पर भीख मंगवा रहे है। अब अभियान चलाकर भीख मंगने वाले लोगों को मुख्यधारा में जोड़ेंगे।

**मथुरा जैन उत्साही**



शहर का यह कदम निश्चित रूप से सामाजिक दृष्टि से सराहनीय है। इस अभियान में सभी वर्गों के लोगों को जुड़ना चाहिए।

**राजेंद्र सिंह**



भिक्षु रहित शहर और पुनर्वास कार्यक्रम समाज में नई उम्मीद जगाएगा।

**सविता पटेल**





# निर्वाण मृत्यु नहीं, देहभाव का अंत है : प्रमाणसागर

▸ भगवान ऋषभदेव निर्वाण महोत्सव पर धर्मसभा का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** डीएन जैन महाविद्यालय के विशाल प्रांगण में भगवान ऋषभदेव के निर्वाण महोत्सव के अवसर पर आयोजित प्रात:कालीन धर्मसभा में मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि 'निर्वाण का अर्थ मृत्यु नहीं, बल्कि देहभाव का अंत है। आत्मतत्व को जानकर ममत्व का त्याग कर मोक्षमार्ग पर अग्रसर होना ही निर्वाण है।' मुनि श्री ने निर्वाह, निर्माण और निर्वाण शब्दों की व्याख्या करते हुए बताया कि केवल अपने हित की चिंता निर्वाह है, अपने व दूसरों के हित का ध्यान निर्माण है और आत्मबोध के साथ समस्त ममत्व का त्याग निर्वाण है। उन्होंने कहा कि अंधा उपभोग मनुष्य के पतन का कारण बनता है, जबकि आवश्यकता अनुसार उपयोग उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है। भगवान ऋषभदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मुनि श्री ने भोगभूमि व कर्मभूमि की चर्चा की तथा कृषि, वाणिज्य और शिल्पकला जैसे षट्कर्मों के माध्यम से लोक व्यवस्था की स्थापना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा केवल मनुष्य ही समझ सकता है और वही निर्वाण पद को प्राप्त करता है। इस अवसर पर मुनि श्री संधान सागर जी महाराज, समस्त क्षुल्लक गण मंचासीन रहे। मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुबोध कामरेड ने बताया कि भावनायोग के माध्यम से कैलाश पर्वत का स्मरण कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल ब्रह्मचारी अभयआदित्य (इंदौर) ने किया। अमित पड़रिया ने जैन समाज जबलपुर की ओर से मुनि श्री से संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध 1008 श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान कराने का अनुरोध किया, जो जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी के प्रथम सप्ताह में संभावित है।

### महापौर ने दिया विधान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन

इस अवसर पर जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर 31 जनवरी से प्रारंभ होने वाले 108 मंडलीय सिद्धचक्र विधान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। दिगम्बर जैन युवा महासंघ द्वारा महापौर एवं राजेश सोनकर (पूर्व नेता प्रतिपक्ष) का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन युवासंघ के कार्यकर्ता एवं सकल दिगम्बर जैन समाज जबलपुर बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।

### जन्मोत्सव के अवसर पर होंगे विविध आयोजन



जबलपुर, नवभारत। सनातन धर्म एवं हिंदुत्व के प्रखर प्रवक्ता श्रीमद् जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम आज यानि 18 जनवरी को स्नेह नगर स्थित श्री राघव कुटी में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जाएगा। इस पावन अवसर पर जगद्गुरु जी का पूजन शिष्यों द्वारा प्रात: किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुजन सपरिवार सम्मिलित होकर पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## एक नजर में



### हल्दी, कुमकुम ,सिंदूर नारी शक्ति का प्रतीक

**नवभारत, जबलपुर।** महावीर रेसिडेंस वेल्फेयर सोसाइटी की महिला समिति द्वारा हल्दी, कुमकुम, सिंदूर कार्यक्रम महावीर कॉलोनी हाथीताल स्थित महावीर गार्डन में भारतीय संस्कृति की परम्परानुसार हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वर्षा उसरेटे ने बताया कि यह भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है जिसमे हल्दी, सिंदूर, कुमकुम का प्रयोग किया जाता है, यह नारी शक्ति की एकता का भी प्रतीक है। इस अवसर पर वर्षा उसरेटे, सुनीता सोनी, लकी गुप्ता, नीलू पांडे, स्वाति ठाकुर, सरस्वती सिंह, कशिश सावलानी, नीलम साहनी, सरिता गुप्ता, संगीता सिंह, आरती खराटे, आदि महिलाओं की उपस्थिति रही।

### रनिंग स्टाफ पर बढ़ा काम का बोझ, डीआरएम भेंट कर रखी मांगें


**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर मंडल में रनिंग स्टाफ पर बढ़ते कार्य दबाव के कारण स्पैड जैसी घटनाओं के संबंध में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लॉयज यूनियन (डबलूसीआरईयू) के महामंत्री का. मुकेश गालव, मंडल अध्यक्ष बी.एन. शुक्ला एवं मंडल सचिव रोमेश मिश्रा ने प्रमुख इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (पीसीईई) मुकेश ने मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कमल कुमार तलरेजा से मुलाकात की। इस बैठक में रनिंग स्टाफ की समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें स्टाफ के ओवर आवर्स वर्किंग, सीएलआई की कमी के कारण एमएलडी पास आउट सीनियर एएलपी को हैंडलिंग में देरी और अन्य कई समस्याएं शामिल थीं। डीआरएम ने जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए एडहॉक सीएलआई का नोटिफिकेशन जारी किया गया है और अन्य सभी कार्यों पर जल्द ही कार्रवाई की अपेक्षा है।




### नई भर्ती में संविदा को नियमित, आउटसोर्स को आरक्षण की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन का वृहद क्षेत्रीय सम्मेलन बड़े स्तर पर आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में विद्युत कर्मचारी, संविदा कर्मी, आउटसोर्स कर्मचारी एवं पेंशनर्स शामिल हुए। सम्मेलन में फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने कहा कि फेडरेशन संविदा कर्मियों, आउटसोर्स कर्मचारियों, नियमित कर्मचारियों, कंपनी केडर कार्मिकों और पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर सकारात्मक प्रयास करेगा। महामंत्री पाठक ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं प्रबंध निदेशकों से मांग की कि नई भर्तियों में सभी संविदा कर्मियों को बिना शर्त नियमित किया जाए तथा 15 वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। सम्मेलन में अभियंता मनोज सोनी, योगाचार्य अवनीश तिवारी, साहित्यकार शरद उपाध्याय, विजय तिवारी किसलय, रंजीत सेन एवं मुन्ना लाल सोनी का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे, श्याम मोहन वर्मा, मोहन श्रीवास, अवनीश तिवारी, आई.के. अग्रवाल सहित अन्य वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

### ब्रह्मा बाबा की स्मृति पर विशेष राजयोग ध्यान कार्यक्रम आज



**नवभारत,जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर आज जबलपुर सहित देशभर के सेवा केंद्रों पर विश्व शांति दिवस के रूप में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र, शिव उपहार भवन, प्रेमनगर, जबलपुर में राजयोग ध्यान, मौन साधना, प्रेरणादायी प्रवचन, ब्रह्मा बाबा के जीवन पर आधारित विचार-सत्र एवं आध्यात्मिक अनुभूति कार्यक्रम आयोजित होंगे। ब्रह्मा बाबा ने 18 जनवरी 1969 को अपने भौतिक शरीर का त्याग किया था। सेवा केंद्रों पर उपस्थित साधक दिनभर मौन साधना कर पवित्रता, सेवा, सरलता एवं आत्म-जागृति जैसे जीवन मूल्यों को धारण करने का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शांति, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए महापौर ने दिया सफलता का मंत्र

**विद्यार्थियों से संवाद कर दी अहम जानकारी**

**नवभारत,जबलपुर।** बोर्ड परीक्षाओं की आहट के बीच विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का तनाव दूर करने और उन्हें सफलता के गुर सिखाने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने एक विशेष पहल की है। भंवरताल स्थित कल्चरल स्ट्रीट थियेटर हॉल में आयोजित 'परीक्षा मंथन' कार्यक्रम के दौरान महापौर ने नगर निगम के पांचों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य है कि नगर निगम विद्यालयों का हर बच्चा न केवल शिक्षित हो, बल्कि आत्मविश्वास के साथ समाज की मुख्यधारा में अपना स्थान बनाए। परीक्षा पर संवाद कार्यक्रम के प्रारंभ में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा दीपप्रज्जवलन कर आयोजन का शुभारंभ किया। संवाद के दौरान महापौर ने छात्रों को मित्रवत सलाह देते हुए कहा कि परीक्षा केवल एक मूल्यांकन है, तनाव का कारण नहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए कठिन सवालों और तैयारी से जुड़ी उलझनों को बड़े ही सरल ढंग से सुलझाया। संवाद कार्यक्रम में अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, डॉ. राकेश जैन, दीप्ति शर्मा, रागिनी गर्ग एवं महापौर गुरूकुल के संयोजक एवं मैकलसुता इंस्टीटयूट संस्था के जयदीप मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



### संकल्प से समाधान शिविरों में 1600 प्रकरणों का निराकरण



**नवभारत,जबलपुर।** शहर के सभी वार्डों में आयोजित 'संकल्प से समाधान' शिविरों में शासन की सुशासन वाली मंशा धरातल पर उतरती दिखाई दे रही है। इस संबंध में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार एवं उपायुक्त अंकिता जैन ने बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों से कुल 2,792 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से निगम प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए लगभग 1,600 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण एवं स्वीकृति प्रदान की। शेष आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है।



### न्यायमूर्ति सिंह का बार एसोसिएशन ने किया स्वागत

**जबलपुर, नवभारत।** उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह के जबलपुर आगमन पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर एवं जिला बार एसोसिएशन द्वारा उनका पुष्पगुच्छ, मालाएं एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता सिद्धार्थ राधेलाल गुप्ता भी उपस्थित थे। न्यायमूर्ती एन. कोटिश्वर सिंह दो दिवसीय जबलपुर प्रवास पर हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, पारितोष त्रिवेदी एवं योगेश सोनी ने, जिला बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष मनीष मिश्रा, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, रविन्द्र दत्त, प्रशांत नायक ने न्यायमूर्ति का सम्मान किया एवं उन्हें जिला बार एसोसिएशन की मार्च, 2026 में प्रस्तावित राष्ट्रीय विधि संगोष्ठी में उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित भी किया।

### क्राइस्ट चर्च एलुमनी क्रिकेट महोत्सव 18 व 25 जनवरी को

**नवभारत, जबलपुर।** क्राइस्ट चर्च एलुमनी एसोसिएशन के तत्वावधान में 18 एवं 25 जनवरी को क्राइस्ट चर्च स्कूल के खेल मैदान में वार्षिक क्रिकेट मैचों का आयोजन किया जाएगा। इन मुकाबलों में भूतपूर्व छात्रों, शिक्षकों और विभिन्न पेशों से जुड़े एलुमनी सदस्य उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष रामिंदर सिंह चोपड़ा एवं सचिव अमित वेगड़ ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें गठित की जाएंगी, जो खेल के माध्यम से पुराने स्कूल के दिनों की यादों को ताजा करेंगी और आपसी सौहार्द को मजबूत करेंगी।

## युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद एक आदर्श है : जस्टिस धगट



**जबलपुर, नवभारत।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, जबलपुर ईकाई द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन, हाईकोर्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधिपति विशाल धगट मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित रहे। न्यायाधिपति धगट ने संदेश प्रेषित किया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज हम सभी अपने जीवन में आत्मसात करे एवं स्वामी विवेकानंद का जीवन युवा पीढ़ी हेतु शोध का विषय है इस हेतु सभी हमारे ऐसे राष्ट्र गौरव के महान विचारो, कर्मों को सतत अपने जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर अति महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरु, छेत्रीय संयोजक प्रदीप सिंह , कार्यकारी अध्यक्ष सुशीला पालीवाल, हाई कोर्ट ईकाई अध्यक्ष हरीश अग्निहोत्री, जिला इकाई के राम मिलन प्रजापति, हाईकोर्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा आदि मंचासीन रहे। वही कार्यक्रम का संचालन प्रियंका मिश्रा, सुनील गुप्ता, संदीप कुमार शुक्ला द्वारा किया गया।

# खेल, व्यंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

▸ बिलाबोंग-इकिगाई के सौजन्य से 'मिलांज 2026' का आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** बिलाबोंग इंटरनेशनल स्कूल एवं इकिगाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय प्रांगण में 'मिलांज 2026 - उत्सव मेला' का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। बहुमुखी प्रतिभा और नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह मेला तकनीक, मनोरंजन और संस्कृति का शानदार संगम बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू रहे । मेले की आकर्षक सजावट, विविध खेलों, स्वादिष्ट व्यंजनों और कमर्शियल स्टॉल्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले का प्रमुख आकर्षण रोबोटिक फेस्ट और ए.आई. स्टॉल रहे, जहां विद्यार्थियों ने रोबोट संचालन, 3 मिनट में रोबोटिक्स के माध्यम से महाभारत प्रस्तुति, भारत हेल्थ रोबोट, आईओटी बेस मौसम केंद्र, इंडस्ट्रियल रोबोट, एंटी ग्रेविटी ऑर्बिट और स्टेबिलो रोबोट जैसी परियोजनाओं का सफल प्रदर्शन किया। मनोरंजन के लिए रोप वॉक, ट्रैम्पोलिन, स्लाइड, टैटू, वॉक इन वाटर, नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। डिज़्नी पात्र और सेव द अर्थ थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों ने विशेष सराहना बटोरी। लकी ड्रा में सोने की चेन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, टैबलेट, स्पोर्ट्स साइकिल सहित अनेक आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस आयोजन में शाला संस्थापिका अर्पिता मालपानी, सीईओ प्रदीप गंगाधरन, प्रधानाचार्या सायमा खान, इकिगाई प्रधानाचार्या सोनिया कोचर एवं परमवीर कौर सहित समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा।




### महिलाओं ने मनाया मकर संक्रांति और नववर्ष

**नवभारत,जबलपुर।** स्नेह क्लब की महिलाओं ने मकर संक्रांति और नव वर्ष के अवसर पर आनंद और उत्साह से भरा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में गेम्स, डांस और स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया गया। इस अवसर पर उमा अहिरवार, राधा राज, शोभा, सपना, दिशा और अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर त्योहार की खुशियाँ साझा की और इस अवसर को यादगार बनाया।

**निरीक्षण** | एक्शन मोड में दिखे निगमायुक्त

# सुबह गलियों में, दोपहर को नर्मदा तटों की स्वच्छता का लिया जायजा




**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और मां नर्मदा के तटों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के साथ नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार पूरी तरह 'एक्शन मोड' में नजर आ रहे हैं। शनिवार को निगमायुक्त ने न केवल सुबह शहर के विभिन्न वार्डों का सघन निरीक्षण किया, बल्कि दोपहर होते ही वे मां नर्मदा के पावन तटों पर भी जा पहुंचे। सुबह के समय निगमायुक्त ने विभिन्न रिहायशी इलाकों और वार्डों का भ्रमण किया। उन्होंने गलियों की सफाई, कचरा संग्रहण (डोर-टू-डोर कलेक्शन) और नालियों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। सफाई कर्मियों और क्षेत्रीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता और नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान निगमायुक्त ने नर्मदा तट पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक भी रोक लगाने दुकानदारों से चर्चा की, जहां सभी लोगों ने निगमायुक्त की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि प्लास्टिक मुक्त घाट बनाने में वे सहयोग करेंगे।




### संस्कारधानी की पृष्ठभूमि पर आधारित है जबलपुर लव वेब सीरीज

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर की पृष्ठभूमि पर आधारित नई सामाजिक वेब सीरीज 'जबलपुर लव' की औपचारिक घोषणा की गई है। यह वेब सीरीज युवाओं के जीवन से जुड़े शिक्षा, करियर, संघर्ष, सामाजिक दबाव और भावनात्मक रिश्तों को केंद्र में रखकर बनाई जा रही है। वेब सीरीज का निर्देशन अक्षय पांडे और आर्या वर्मा कर रहे हैं, जबकि निर्माता के रूप में अक्षय पांडे और अजय तिवारी जुड़े हैं। लेखन की जिम्मेदारी प्रमोद पांडे ने निभाई है और छायांकन रवि आर.के. शर्मा द्वारा किया जा रहा है। निर्माता अजय तिवारी ने बताया कि शृंखला की कहानी जबलपुर की मिट्टी से जुड़ी है, जिससे हर युवा खुद को जोड़ पाएगा। पूरी शूटिंग जबलपुर में स्थानीय कलाकारों और तकनीकी टीम के सहयोग से की जा रही है। घोषणा अवसर पर मुख्य अतिथि सुधांशु गुप्ता (प्रदेश सह संयोजक, भाजपा, विदेश संपर्क विभाग) तथा वरिष्ठ पत्रकार संजीव चौधरी और प्रमोद चतुर्वेदी रहे। प्रोडक्शन टीम में आकाश चतुर्वेदी, देवांश बावरिया, ध्रुव सेंगर, प्रथम भोला, आकाश रैकवार, सुजय तिवारी और सुजल बावरिया शामिल हैं।

### रविदास समाज का परिचय सम्मेलन आज

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय स्तर पर रविदास समाज का 18वां युवक-युवती परिचय-परिणय सम्मेलन आज रविवार को मानस भवन में 10.30 बजे से आयोजित है। अहिरवार समाज महापरिषद् के अध्यक्ष डी.के. राव द्वारा बताया गया कि करीब 400-450 बायोडाटा एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के साथ रंगीन कलेवर में पत्रिका 'संजोग 18' का विमोचन कर उसे लोगों हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। प्रांतीय अध्यक्ष एच.डी. डोंगरे, संयोजक के.एन. अहिरवार, महासचिव रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष मुन्नालाल अहिरवार, उपाध्यक्ष जीवन अहिरवार, डी.सी. चौधरी संजय अहिरवार, नीलू चौधरी, सचिव अर्जुन अहिरवार, विजयराज ठेकेदार, मुरली चौधरी, उपकोषाध्यक्ष आर.डी. अहिरवार द्वारा उपस्थिति की अपील की गई।